# डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

## विश्व आज़ोन दिवस 2021

**सफ़लता के लिए सोच चाहिए,**

**जीवन के लिए ओज़ोन चाहिए ।**

पृथ्वी पर मौजूद ओज़ोन परत तथा पर्यावरण में उसकी भूमिका के महत्त्व को उजागर करने के लिए प्रत्येक साल विश्व आज़ोन दिवस मनाया जाता है । ओज़ोन परत के संरक्षण के लिए डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई में विश्व ओज़ोन दिवस विद्यार्थियों द्वारा बहुत उत्साह से मनाया गया । इस समारोह का शुभारंभ दिव्य गायत्री मंत्र के साथ हुआ । धरती माता को हानिकारक किरणों से बचाने के लिए भगवदगीता में से एक श्लोक का पाठ किया गया । इस साल विश्व ओज़ोन दिवस की थीम है – 'मॉण्ट्रियल प्रोटोकॉल – हमें हमारे भोजन और टीकों को ठंडा रखना ।' कक्षा दसवीं की छात्रा हेमा ने इस समारोह को मनाने के पीछे के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रदूषण पर अंकुश लगाना और ओज़ोन परत को बचाना हम सब का परम दायित्त्व है ।

दर्शकों में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । ओज़ोन रिक्तिकरण को रोकने के तरीके के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए छठी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 'ओज़ोन प्रकृति की सनस्क्रीन' शीर्षक पर आकर्षक चित्रों का प्रदर्शन था । सातवीं कक्षा की छात्राओं द्वारा नृत्य नाटिका 'हील द वर्ल्ड' में पृथ्वी की क्षति और ओज़ोन परत की रक्षा के लिए मॉण्ट्रियल प्रोटोकॉल के बारे में अवगत कराया । 'जीवन के लिए ओज़ोन – हमारे हाथों में' आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता शो था, जिसमें ओज़ोन परत की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी प्रदर्शित की गई थी । नवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'द थ्रोन ज़ोन' ग्राफिक कहानी ने हमारी पृथ्वी की प्राकृतिक सुरक्षा कवच और ओज़ोन परत की सुरक्षा के तरीकों पर प्रकाश डाला ।

'ऑल अबाउट ओज़ोन' – दसवीं कक्षा के छात्रों के वृत्तचित्र वीडियो ने ओज़ोन परत पर वैज्ञानिक घटनाओं और तथ्यों पर ध्यान केंद्रित किया । ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण द्वारा अल्ट्रा वायलेट विकिरण के खतरनाक प्रभावों और हानिकारक किरणों से पृथ्वी को बचाने के तरीकों से परिचित कराया । ओज़ोन के अनुकूल वस्तुओं का उपयोग करने तथा ओज़ोन क्षयकारी पदार्थों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने का संकल्प लेकर ओज़ोन परत के संरक्षण के लिए डी.ए.वी. परिवार द्वारा ओज़ोन प्रतिज्ञा ली गई । धन्यवाद प्रस्ताव और शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

सातवीं कक्षा की छात्राओं द्वारा नृत्य नाटिका 'हील द वर्ल्ड' की प्रस्तुति